## न्यूज डायरी



### पूर्व पीएम इमरान खान का अमेरिका पर एक नया आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। अमेरिका ने पाकिस्तान पर हमला किए बगैर ही इसे गुलाम बना लिया। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने वाशिंगटन पर यह नया आरोप लगाया है। साथ ही यह भी कहा कि देश की जनता कभी भी इंपोर्टेड सरकार को स्वीकार नहीं करेगी। 69 वर्षीय इमरान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर प्रधानमंत्री के पद से पिछले माह हटा दिया गया। इसके लिए भी इमरान खान ने अमेरिका को ही दोषी ठहराया था और कहा था कि विपक्षी नेताओं के साथ मिलकर वाशिंगटन ने उनके खिलाफ साजिश रची। प्रधानमंत्री पद से हटाए जाने के बाद इमरान खान ने देश के विभिन्न शहरों में रैली निकाली और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की नई सरकार को भ्रष्ट शासक करार दिया। फैसलबाद में आयोजित अपनी रैली में इमरान ने कहा, अमेरिका ने पाकिस्तान पर हमला किए बगैर ही इसे गुलाम बना लिया है।

### अमेरिका के चर्च में गोलीबारी, एक की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैलिफोर्निया। अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया स्थित एक चर्च में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से हथियार बरामद किया है। चर्च के एक प्रशासनिक निकाय प्रेस्बिटरी आफ लास रैंचोस के अनुसार, हमले के वक्त चर्च में जेनेवा में सेवाएं देने वाले ताइवानी कांग्रेगेशन के एक पूर्व पादरी के सम्मान में प्रीतिभोज चल रहा था। आरेंज काउंटी शेरिफ के विभाग ने बताया कि लगुना वुड्स शहर के जेनेवा प्रेस्बिटेरियन चर्च में रविवार दोपहर 1.30 बजे के करीब गोलीबारी की आवाज सुनी गई। इसके बाद वहां भगदड़ मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। गोली लगने से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। गोलीबारी के शिकार सभी लोग बुजुर्ग हैं।

### श्रीलंका में फिर बड़े हमले को अंजाम दे सकता है लिट्टे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका, भारतीय मीडिया में आई उन खबरों की जांच करेगा जिनमें कहा गया था कि LTTE 18 मई को देश में बड़े हमले को अंजाम दे सकता है। हालांकि भारतीय मीडिया में इस बात की आशंका जताए जाने के बाद श्रीलंका में सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद किया जा रहा है। इस खतरे की आशंका के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के आदेश भी दे दिए गए हैं। भारतीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक LTTE ने मुल्लिवैकल दिवस पर इस हमले को अंजाम देने की आशंका जताई है। बता दें कि 18 मई 2009 को ही श्रीलंका की सेना ने LTTE के प्रमुख वेलुप्पिल्लई प्रभाकरन को ढ़ेर किया गया था। इसके साथ ही श्रीलंका में वर्षों पुराना गृहयुद्ध भी खत्म हो गया था। जिस आशंका की बात भारतीय मीडिया की रिपोर्ट्स में जताई गई है कि उसकी एक खास बात ये भी है कि गोटाबाया के ही कार्यकाल में लिट्टे प्रमुख प्रभाकरन का सफाया करने में श्रीलंका की सेना को सफलता मिली थी।

### रूस के न्यूक्लियर अटैक की धमकी पर ब्रिटेन का करारा जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। रूस भले ही यूक्रेन के साथ युद्ध में है लेकिन लगातार वह पश्चिमी देशों को धमकी दे रहा है। हाल ही में रूस ने धमकी दी थी कि वह 10 सेकंड में अपनी हाइपरसोनिक मिसाइल के जरिए फिनलैंड को खत्म कर सकता है। इसके साथ उसने कहा था कि बाल्टिक देशों को वह मूंगफली की तरह तोड़ सकता है। इन बयानों के बाद रूसी मीडिया पर लगातार बताया जा रहा है कि कैसा उनका मिसाइल ब्रिटेन को समुद्र के अंदर डुबो देगा। रूस की परमाणु चेतावनी को देखते हुए अब ब्रिटेन ने भी जवाब देना शुरू कर दिया है। ब्रिटेन के परमाणु रक्षा प्रमुख ने कहा है कि परमाणु हथियार प्रतिष्ठान हर तरह के खतरे को रोकने के लिए तैयार है। ये हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे चरम खतरा जो परमाणु बम है उसे भी खत्म करने में सक्षम है।

# उत्तर कोरिया में कोरोना विस्फोट से हालात हुए खराब

**निर्देश**

## राष्ट्राध्यक्ष किम जोंग उन ने दिए सख्त निर्देश और चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देश की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के मुताबिक बीते 24 घंटों के दौरान देश में कोरोना के 392920 नए मामले सामने आए हैं। इसके बाद देश में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 1213550 हो गई है। इस दौरान देश में आठ लोगों की मौत भी हुई है। केसीएनए ने बताया है कि देश में बीते 24 घंटों के दोश्रान 152600 मरीज ठीक भी हुए हैं। एजेंसी की मानें तो देश में अब तक करीब साढ़े छह लाख मरीज इससे ठीक हो चुके हैं जबकि 5.64 लाख से अधिक मरीजों का इलाज चल रहा है। इसको देखते हुए राष्ट्राध्यक्ष किम जोंग उन ने सख्त आदेश जारी किए हैं।



**किम के सख्त दिशा निर्देशः** उन्होंने अधिकारियों को ये साफ निर्देश दिए हैं कि कोरोना रोकथाम को लेकर जितने भी सख्त कदम उठाए जा सकते हैं और जिनकी जरूरत महसूस होती है, उठाए जाने चाहिए। एएफपी ने स्टेट मीडिया के हवाले से बताया कि किम जोंग उन ने सेना को दवा वितरण का निर्देश भी दिया है। एएफपी ने बताया कि देश में कोरोना महामारी से अब तक 50 मौत हो चुकी हैं।


**किम ने बुलाई पोलित ब्यूरो की बैठकः** कोरोना महामारी की रोकथाम के मद्देनजर किम जोंग उन ने सेंट्रल कमेटी आफ द वर्कर्स पार्टी आफ कोरिया की पोलित ब्यूरो की बैठक रविवार को दोबारा बुलाई थी, जिसमें कोरोना महामारी की रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई।

इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया था। इस बैठक में भी किम ने अधिकारियों, मंत्रियों को स्पष्ट शब्दों में दवाओं की निर्बाध सप्लाई करने और लगातार महामारी की स्थिति पर निगाह रखने के निर्देश दिए। इसमें सभी राज्यों को समय से दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

**24 घंटे खुलेंगी दवा दुकानेंः** किम ने इस बैठक में सभी दवा दुकानों को 24 घंटे खोलने का भी हुक्म जारी किया है। इस मौके पर उन्होंने सभी अधिकारियों और मंत्रियों को कोरोना महामारी को रोकने में किसी भी तरह की कोई चूक न करने की चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा है कि यदि कोई अपनी जिम्मेदारी का वहन ठीक से नहीं करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# चीन के शंघाई में कोरोना के मामले हुए कम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के सबसे बड़े शहर एवं वैश्विक कारोबार केंद्र शंघाई के कई हिस्सों में कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रसार में कमी आई है, इसके बावजूद शहर में 10 लाख से कुछ कम लोगों को लॉकडाउन संबंधी कड़े प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। चीन के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। शंघाई में लॉकडाउन संबंधी पाबंदियों में धीरे-धीरे ढील देने और आर्थिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने की प्रक्रिया तेज हो गयी है। आंकड़ों के मुताबिक कोविड-19 को लेकर चीन की 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति के कारण शंघाई की अर्थव्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुई है। शंघाई के वाइस मेयर जोंग मिंग ने कहा कि शंघाई के 16 में से 15 जिले संक्रमण से पूरी तरह से मुक्त हो चुके हैं। जोंग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "हमारे शहर में महामारी प्रभावी रूप से नियंत्रण में है। संक्रमण को नियंत्रित करने में अत्यधिक सफलता हासिल की गयी है।" सुपरमार्केट, मॉल और रेस्तरांओं को कुछ निश्चित शर्तों के साथ सोमवार को फिर से खोलने की अनुमति दे दी गई। कुछ स्थानों पर जाने की मनाही है और भूमिगत रेलवे स्टेशनों को फिलहाल बंद रखने का ही फैसला किया गया है।



### ये है दुनिया की सबसे महंगी तस्वीर, 96 करोड़ रुपए लगी बोली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। दुनिया की सबसे महंगी तस्वीर होने का रेकॉर्ड मैन रे की प्रसिद्ध ले वायलोन डी इंग्रेस ने बनाया है। ये किसी नीलामी में बिकने वाली अब तक की सबसे महंगी फोटो है। इस ब्लैक एंड वाइट फोटो को 1924 में खींचा गया था। यह एक महिला की न्यूड फोटो है जिसे एक वायलिन की तरह दिखाया गया था। ये फोटो फोटोग्राफर मैन रे के सबसे प्रसिद्ध कामों में से एक है। फोटो की ओरिजनल कॉपी ने बिक्री के सभी अनुमानों को तोड़ दिया और 12.4 मिलियन डॉलर करीब 96 करोड़ रुपए में बिकी।

# पाक के पूर्व पीएम नवाज शरीफ तय करेंगे चुनाव की अगली तारीख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पंजाब। पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि देश में अगला चुनाव कब होगा यह पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ तय करेंगे। यही नहीं मरियम ने तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) पर भी जमकर निशाना साधा है। उन्होंने पीटीआइ पर सवाल उठाते हुए पूछा की पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अपने कार्यकाल के दौरान खराब प्रदर्शन के बाद चुनावों में लोगों का सामना कैसे करेंगे? पाकिस्तान की बदहाल आर्थिक स्थिति के लिए पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने



पीटीआइ प्रमुख को आड़े हाथों लिया। बता दें कि देश एक बुरे दौर से गुजर रहा है। आर्थिक संकट के बीच लोगों का दैनिक जीवन एक बड़ा संघर्ष बन गया है। ऐसे में मरियम नवाज देश के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर आए दिन सवाल उठती रहती हैं। पाकिस्तानी अखबार द डान की रिपोर्ट के अनुसार, इमरान खान पर देश की आर्थिक स्थिति के लिए बारूदी सुरंग बिछाने का आरोप लगाते हुए मरियम ने कहा कि इमरान खान अपनी सरकार के खराब प्रदर्शन के बाद जनता की जवाबदेही से बचने की लगातार कोशिश कर रहे हैं।

पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने पंजाब के गुजरात जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, पीटीआइ के खराब प्रदर्शन ने देश को वेंटिलेटर पर रख दिया है, और पीटीआइ प्रमुख उसी के लिए जवाबदेही से बचने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इमरान खान का खेल अब खत्म हो गया है। अगर वह अब भी अपने खराब प्रदर्शन के लिए पीएमएल-एन को जवाबदेह ठहराने की कोशिश करते हैं, तो वह निश्चित रुप से इसमें विफल होंगे।

### रूस से नहीं टूटी भारत की दोस्ती, यूरोप में जय-जय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। यूक्रेन युद्ध के बीच भारत दो महाशक्तियों अमेरिका और रूस के बीच बुरी तरह से फंस गया था। एक तरफ भारत का वर्षों से घनिष्ठ मित्र रहा रूस था तो दूसरी ओर सुपरपावर अमेरिका था जो चीन की दादागिरी के खिलाफ बनाए गए क्वॉड में भारत का सहयोगी देश है। अमेरिका ने तो रूस से तेल खरीदने पर भारत को धमकी तक दे दी। अमेरिका की धमकी के बाद भी मोदी सरकार न केवल गुटनिरपेक्षता की नीति पर कायम रही बल्कि अपने दोनों ही सहयोगियों में संतुलन बनाने की कोशिश की। पीएम मोदी की यह रणनीति कामयाब रही। भारत रूस से दोस्ती बनाए रखने के साथ-साथ यूरोप से मित्रता को नई ऊंचाईयों को ले जाने में सफल रहा। वहीं जर्मनी की यात्रा के दौरान जर्मन चांसलर ओलाफ चोल्ज ने अपने सुपर पार्टनर नरेंद्र मोदी का दिल खोलकर स्वागत किया। यही नहीं ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन ने अपने खास दोस्त पीएम मोदी की जमकर तारीफ की।